दिन– बुधवार                                                        दिनांक– 15 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                        अवधि– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नमो ऐप के जरिए **मेरा बूथ सबसे मजबूत** अभियान के तहत आज विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया।

02 श्री मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत का दिया मंत्र। विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए घटक दलों के बीच बेहतर समन्वय बनाने की अपील की।

03. जनता दल युनाईटेड ने सत्तावन और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली पार्टी लोजपा, रामविलास ने चौदह उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की।

04. और, भाजपा ने बारह उम्मीदवारों की आज दूसरी सूची जारी की। बाढ़ से ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू का टिकट कटा।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरूआत की। श्री मोदी ने नमो ऐप के जरिए **मेरा बूथ सबसे मजबूत** अभियान के तहत पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि भाजपा के लाखों समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं। श्री मोदी ने कहा कि बिहार में भाजपा और एनडीए के विजय के लिए हमारे समर्पित कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ जुट चुके हैं। ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं से संवाद हमेशा नई प्रेरणा देता है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इस बार भी बिहार के कोने–कोने से आवाज आ रही, एक बार फिर सुशासन की सरकार। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एनडीए के अन्य घटक दलों के कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं को मजबूती के साथ जुड़ना होगा।

———बाइट———

कार्यक्रम में शामिल दरभंगा की एक महिला कार्यकर्ता ने प्रधानमंत्री के साथ संवाद में कहा कि एनडीए सरकार में जीवन के हर क्षेत्र में बेहतरी के लिए काम हुये हैं।

---बाइट---

---

जनता दल युनाईटेड और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास ने आज प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की। जदयू की सूची में सत्तावन उम्मीदवार शामिल हैं। इस सूची में छह मंत्रियों के नाम हैं। अठारह विधायकों को दोबारा टिकट मिला है, जबकि दो विधायकों का टिकट कटा है। पार्टी ने चार महिलाओं को भी टिकट दिया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पार्टी ने लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के दावे वाली पांच सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

---रिपोर्ट---

जनता दल यूनाइटेड ने अपनी पहली सूची में कई वर्तमान विधायकों और राज्य सरकार के मंत्रियों को फिर से टिकट दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, सराय रंजन सीट से चुनाव लडेंगे। समाज कल्याण मंत्री मदन सैनी और शिक्षा मंत्री सुनील कुमार को फिर से पार्टी ने मौका दिया है। महनार निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने वाले जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा का भी सूची में नाम है। मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सादा, सहरसा जिले की सोनवरसा सीट से उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। वहीं, पूर्व सांसद अश्वमेध देवी को समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी ने टिकट दिया है। विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव को मधेपुरा जिले की आलमनगर सीट से फिर से मौका दिया गया है। जबकि पूर्व मंत्री श्याम रजक पटना जिले की फुलवारी शरीफ और संतोष निराला बक्सर की राजनगर सीट से चुनाव लड़ेंगे। धर्मेन्द्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार, पटना।

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास की पहली सूची में चौदह प्रत्याशियों के नाम हैं। पार्टी ने गोविन्दगंज से  प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, ब्रहमपुर से हुलास पांडेय, बखरी से संजय पासवान और गरखा से सीमांत मृणाल को उम्मीदवार बनाया है।

---

इधर, भाजपा ने आज बारह प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की। पार्टी ने इस बार ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू को टिकट नहीं दिया है। उनकी जगह डॉक्टर सियाराम सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। पार्टी अब तक तिरासी प्रत्याशियों की सूची जारी कर चुकी है। अब केवल अठारह प्रत्याशियों के नामों की घोषणा बाकी है। एनडीए में सीटों के बंटवारे के तहत पार्टी को एक सौ एक सीटें मिली हैं। आज जारी की गयी सूची में दो महिलाएं शामिल हैं। पार्टी ने जानी-मानी लोक गायिका मैथिली ठाकुर को अलीनगर से और छपरा से छोटी कुमारी को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा भारतीय पुलिस सेवा

के पूर्व अधिकारी आनंद मिश्रा को बक्सर से, हायाघाट से रामचंद्र प्रसाद, मुजफ्फरपुर से रंजन कुमार, गोपालगंज से सुभाष सिंह, बनियापुर से केदार नाथ सिंह और सोनपुर से विनय कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। अगिआंव से महेश पासवान और शाहपुर से राकेश ओझा के नाम सूची में शामिल हैं।

---

एनडीए में टिकट बंटवारे से नाराज चल रहे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने आज दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ अमित शाह के साथ मुलाकात की। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुशवाहा ने कहा कि अमित शाह के साथ सकरात्मक बातचीत हुयी है और उम्मीद है कि आगे कोई समस्या नहीं होगी।

———बाइट———

---

महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर अब तक सहमति नहीं बन सकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने सीट बंटवारे को लेकर जारी गतिरोध समाप्त करने के लिए वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के साथ बातचीत की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वीआईपी को अठारह सीट देने पर सहमति बनी है। इधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि पार्टी के अंदर सभी मुद्दों पर बातचीत हो गयी है और जल्द ही उम्मीदवारों की सूची जारी हो जाएगी।

———बाइट———

इस बीच, महागठबंधन के घटक दल राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा है कि महागठबंधन एकजुट है और मजबूती से चुनाव लड़ेगा।

———बाइट———

महागठबंधन में ऑल इज़ वेल है। यहां कहीं कोई किन्तु–परन्तु, सर फुटोवल नहीं है। महागठबंधन इन्टेक्ट है और मजबूती से चुनाव लड़ रहा है। अपार जन समर्थन है जनता का आशीर्वाद है।

---

परसा से राजद विधायक छोटे लाल ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वे जदयू में शामिल होंगे।

---

पहले और दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने का सिलसिला जारी है। इधर, आज विभिन्न दलों के नेताओं ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

जदयू नेता और राज्य सरकार के मंत्री सुनील कुमार ने आज गोपालगंज जिले के भोरे विधानसभा सीट से अपना पर्चा दाखिल किया। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी आज राघोपुर विधानसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी भी मौजूद थीं। दीघा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के संजीव चौरसिया, भाकपा माले की दिव्या गौतम, मनेर से राजद के भाई वीरेन्द्र, दरभंगा से भाजपा के संजय सरावगी, संदेश से राजद के दीपू सिंह, शेखपुरा से राजद के विजय कुमार, खगड़िया से जनुसराज की जयंती पटेल, बेगूसराय से जनसुराज के सुरेन्द्र सहनी, करगहर से जनसुराज के रितेश पांडेय, दिनारा से बसपा की मालती देवी और फतुहा से राजद के रामानंद यादव ने भी आज अपना पर्चा दाखिल किया। इसके अलावा कई अन्य दलों के प्रत्याशियों और निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अपने नामांकन पत्र भरे। पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि सत्रह अक्टूबर निर्धारित है। समाचार कक्ष से रजनीकांत चौधरी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज लखीसराय विधानसभा सीट से नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर पार्टी की वरिष्ठ नेत्री और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि एनडीए को महिलाओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है और इस बार भी बिहार में एनडीए की ही सरकार बनेगी।

–––बाइट–––

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव में धन बल का इस्तेमाल रोकने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश जारी किए हैं। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

निर्वाचन आयोग ने पुलिस, आबकारी विभाग, आयकर विभाग, राजस्व खुफिया निदेशालय, सीमा शुल्क और प्रवर्तन निदेशालय सहित सभी एजेंसियों को चुनाव में धन बल का इस्तेमाल रोकने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने कहा कि मतदाताओं को लुभाने के लिए धन–बल या अन्य प्रलोभनों का इस्तेमाल रोकने के लिए उड़न दस्ते, निगरानी टीम और वीडियो निगरानी टीम चौबीसों घंटे सतर्क है। आयोग ने प्रवर्तन अधिकारियों से यह भी कहा है कि छान–बीन के दौरान सुनिश्चित किया जाये कि आम नागरिक परेशान न हों। आयोग ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सी–विजिल ऐप के जरिए चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत दर्ज करा सकता है। समाचार कक्ष से अभिषेक दास।

---

प्रादेशिक समाचार एकांश के विभिन्न जिलों के अंशकालिक संवाददाताओं के लिए आज आकाशवाणी क्लब, पटना में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। केंद्र प्रमुख एच.डी. सिडाम, दूरदर्शन और आकाशवाणी समाचार

एकांश के प्रमुख समेत अन्य विशेषज्ञों ने आदर्श चुनाव आचार संहिता के बारे में अंशकालिक संवाददाताओं को विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा फेक न्यूज से निपटने और सोशल मीडिया से जुड़े विभिन्न पक्षों से भी उन्हें अवगत कराया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नमो ऐप के जरिए **मेरा बूथ सबसे मजबूत** अभियान के तहत आज विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया।

02 श्री मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत का दिया मंत्र। विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए घटक दलों के बीच बेहतर समन्वय बनाने की अपील की।

03. जनता दल युनाईटेड ने सत्तावन और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली पार्टी लोजपा, रामविलास ने चौदह उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की।

04. और, भाजपा ने बारह उम्मीदवारों की आज दूसरी सूची जारी की। बाढ़ से ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू का टिकट कटा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।